उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय

पत्रांकः ए–388 / 2004(भर्ती) दिनांकः जून 16 ,2014

विज्ञप्ति

उ0प्र0पुलिस रेडियो विभाग में **समूह–घ** के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु शासनादेश संख्याः 1878 / 6–पु–1–05–1300(36) / 04 दिनांक 26–04–2006 द्वारा प्रदान की गयी अनुमति के आधार पर इस मुख्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्याः ए–388 / 04(भर्ती)पार्ट–।। दिनांक 22 सितम्बर 2006 में संदेश वाहक के 16, मेस फालोवर के 01 पद तथा श्रमिक के 03 रिक्त पदों पर **''समूह–घ कर्मचारी सेवा नियमावली–1985''** के अनुसार सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे।

2– उत्तर प्रदेश सरकार, गृह(पुलिस)अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्याः 1535 / छः–पु–2–2009–1100(63) / 09 दिनांक 28 अगस्त, 2009 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के समूह ''घ'' के कतिपय श्रेणियों की भर्ती हेतु **''उत्तर प्रदेश पुलिस में समूह ''घ'' कर्मचारी सेवा नियमावली, 2009''** प्रख्यापित की गयी है। ऐसी स्थिति में इस मुख्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्याः ए–388 / 04(भर्ती)पार्ट–।। दिनांक 22 सितम्बर 2006 के सापेक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों पर **''समूह–घ कर्मचारी सेवा नियमावली–1985''** के अनुसार भर्ती की कार्यवाही किया जाना अब सम्भव नही रह गया है तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के समूह ''घ'' के पदों पर अब सीधी भर्ती की कार्यवाही **''उत्तर प्रदेश पुलिस में समूह ''घ'' कर्मचारी सेवा नियमावली, 2009''** में निहित प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।

3– उपरोक्त सम्बन्ध में विज्ञप्ति संख्या ए–388 / 04(भर्ती)पार्ट–।। दिनांक 22 सितम्बर 2006, को निरस्त करने से पूर्व उक्त विज्ञप्ति के निरस्त सम्बन्धी प्रस्ताव विज्ञप्ति संख्याः ए–388 / 2004(भर्ती) दिनांक 13.05.2014 को स्थानीय दैनिक समाचार पत्रो में प्रकाशित, उ0प्र0पुलिस की वेवसाइट पर अपलोड एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराकर व्यापक प्रचार–प्रसार कर संदर्भित विज्ञप्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियो से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि 22.05.2014 से 15 दिवस के अन्दर समुचित कारण सहित प्रत्यावेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त अवधि मे कोई भी प्रत्यावेदन इस मुख्यालय को प्राप्त नही हुआ है।

4– सभी सम्बन्धित को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर भी प्रदान किया गया, किन्तु किसी भी व्यक्ति ने इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखना मुनासिब नही समक्षा। अतः सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0पुलिस रेडियो विभाग में संदेश वाहक के 16, मेस फालोवर के 01 तथा श्रमिक के 03 रिक्त पदों पर **''समूह–घ कर्मचारी सेवा नियमावली–1985''** के अनुसार सीधी भर्ती हेतु इस मुख्यालय द्वारा जारी पूर्व विज्ञप्ति संख्याः ए–388 / 04(भर्ती)पार्ट–।। दिनांक 22 सितम्बर 2006, को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए उसके सापेक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों को भी निरस्त किये जाने के आदेश पारित किए जाते हैं।

(असीम अरुण),
पुलिस महानिरीक्षक / निदेशक(दूरसंचार),
उ0प्र0पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर–लखनऊ।

पता : रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ फोनः 0522–2335771 **फैक्सः** 0522–2335346